# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

करवा चौथ की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024



ईश

GOLD | DIAMOND | POLKI

HAVE YOU MADE YOUR

#EISHCOMETRUE?



WHAT MAKES EISH A GREAT CHOICE?

Exclusive, top-quality diamonds unmatched across India.

**(DEF COLOUR & VVS CLARITY)**

Find your signature piece from Eish also at

ANAND JEWELS, PANDRI, RAIPUR

EISH®

by ANAND Jewels

NRK HIGH STREET, A.B. ROAD, INDORE

EISHBYANAND



मुस्कुराहट एक ऐसी शारीरिक गतिविधि है, जो ना केवल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, इससे हमारे जीवन में खुशी फैलती है। हम टेंशनफ्री होते हैं और हमारे सोशल सर्कल में हमारी इमेज भी पॉजिटिव बनती है। मजे की बात है, यह खूबी हम सभी के पास होती है तो फिर झिझक कैसी? आइए हम भी मुस्कुराएं, आप भी मुस्कुराइए।

# स्माइल प्लीज...

## लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम

एक मुस्कुराहट आपके लाखों बिगड़े काम बना सकती है। एक मुस्कुराहट आपके भीतर अनगिनत सपने जगा सकती है। गुस्से से जल भुन रहे किसी व्यक्ति को एक हल्की सी मुस्कुराहट पानी-पानी कर सकती है। यह सिर्फ भावुक कवियों या दार्शनिकों के उदार आख्यान नहीं हैं। विज्ञान भी इन बातों के साथ अपनी सहमति जता चुका है कि मुस्कुराहट इंसान की बहुत बड़ी ताकत है। सिर्फ ताकत ही नहीं है, मुस्कुराने के अनगिनत फायदे भी हैं, चाहे हम उन फायदों को जानें या ना जानें।

**तनाव-गुस्सा हो जाए गायबः** आप बहुत तनाव या गुस्से में हों और किसी वजह से आप में हल्की सी मुस्कुराहट तैर जाए, तो समझिए कि आपका 50 फीसदी तनाव तो मुस्कुराहट के तैरने के साथ ही गायब हो जाएगा। दरअसल, एक छोटी से छोटी मुस्कुराहट भी हमारे न्यूरोपेप्टाइड्स के स्राव सक्रिय कर देती है और इससे तुरंत डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का तंत्र भी झनझना जाता है, जिस कारण ना सिर्फ तुरंत हमारा मूड बेहतर होता है बल्कि हम कहीं ज्यादा चैतन्य और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे हमारा व्यवहार ज्यादा सकारात्मक और आत्मीय हो जाता है। मुस्कुराहट सिर्फ हमारा तनाव ही कम नहीं करती बल्कि हमारे शरीर का रक्तसंचार भी बेहतर करती है।



क्योंकि इससे हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। अगर हमारी मुस्कुराहट स्वाभाविक या प्राकृतिक नहीं है बल्कि कोशिशन है, तो इसके भी हमें फायदे मिलते हैं। विज्ञान साबित कर चुका है कि मुस्कराने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इससे हमारे काम करने का ढंग प्रभावी हो जाता है। मुस्कुराहट हमारे शरीर में किसी भी किस्म के दर्द को कम या खत्म करती है, क्योंकि मुस्कुराने से हमारा शरीर एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक रिलीज करता है। हम यह भी ना भूलें कि मनोवैज्ञानिक ही नहीं ब्यूटी एक्सपर्ट भी इस बात को तथ्यात्मक रूप से मान चुके हैं कि मुस्कुराने से हम खूबसूरत दिखते हैं। मुस्कुराने से कुरूप से कुरूप व्यक्ति भी खूबसूरत नजर आता है।

**मूड बन जाए बेहतरः** समझने वाले को इशारा काफी है कि अगर स्वस्थ रहना चाहते हैं, जीवन में सकारात्मक रहना चाहते हैं तो जितना हो सके मुस्कुराहट का दामन थामे रहें। क्योंकि मुस्कुराहट हमारे मूड और स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर बनाती है। यह किसी एक मनोवैज्ञानिक या शरीर वैज्ञानिक का दावा नहीं है बल्कि लाखों वैज्ञानिकों की लंबे समय तक की गई समीक्षाओं का निष्कर्ष है। सच पूछा जाए तो मुस्कुराहट किसी शख्स की सबसे बड़ी ताकत होती है।



**दूसरों को मिलती है खुशीः** मुस्कुराहट सिर्फ खुद को ही अनगिनत फायदे नहीं देती बल्कि यह दूसरों को भी मालामाल करती है। मुस्कुराने से सिर्फ आपका ही दिन नहीं बनता बल्कि यह दूसरों का भी दिन बना सकती है। निश्चित रूप से मुस्कुराहट एक ऐसी अनैच्छिक प्रतिक्रिया है, जो हमें खुशी देती है। अगर हम जान-बूझकर या कहें किसी नाटक के तहत भी मुस्कुराते हैं, तो उस मुस्कुराहट के भी नकारात्मक नतीजे नहीं निकलते बल्कि उससे भी फायदा ही होता है। मुस्कुराहट एक ऐसा संक्रामक प्रभाव है कि अगर हमारे इर्द-गिर्द कोई मुस्कुराता है, तो उसका भी हम सबको फायदा मिलता है यानी मुस्कुराने वाला और जिसके लिए मुस्कुराया जाए, सिर्फ उसे ही नहीं, अगर हम मुस्कुराने वालों के इर्द-गिर्द भी मौजूद हों, तो हमें भी उस मौजूदगी का लाभ होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्कुराना हम सभी की रोजमर्रा की जिंदगी में कितना फायदेमंद है।

**जीते हैं लंबी जिंदगीः** मुस्कुराहट के अनगिनत फायदे हैं, चाहे इसे जिस तरीके से विश्लेषित किया जाए। चाहे जैविक आधार पर देखा जाए, चाहे सामाजिक आधार पर समझा जाए और चाहे करियर या कारोबार में सफलता के तौर पर व्यक्त किया जाए। अगर हम जैविक रूप में देखें तो पाते हैं कि जिन लोगों को बात-बात पर मुस्कुराने और ज्यादातर मौकों पर खुश रहने की आदत होती है, वे ऐसे किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जीते हैं, गुस्सा जिनकी नाक पर बैठा होता है और जो जिंदगी में ज्यादातर समय दुखी रहते हैं, छोटी सी बात पर परेशान हो जाते हैं, डल हो जाते हैं। ऐसे लोगों के मुकाबले जिंदगी को मुस्कुराकर गुजारने वाले चुनौतियों का मुस्कुराकर मुकाबला करने वाले लोग कहीं ज्यादा जीते हैं और इसका बहुत साधारण सा कारण है। जब हम मुस्कुराते हैं या हमारे सामने मौजूद कोई शख्स मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कुराहट से या हमारी अपनी मुस्कुराहट से हमारा मूड बदल जाता है और हम लंबे समय तक सकारात्मक रहते हैं।

**निखरती है सोशल इमेजः** खुश होना, सकारात्मक रहना, स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए मुस्कुराने वाले लोग लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन पाते हैं। अगर हम दिन में कम से कम एक बार मुस्कुरा लें तो हमारे दिन भर का काफी हद तक तनाव खत्म हो जाता है। चेहरे की भाव भंगिमाएं, खूबसूरत और सकारात्मक हो जाती हैं, जिस कारण हम जिससे मिलते हैं, उसे तो अच्छा लगता ही है, हमें भी अच्छा लगता है, क्योंकि हम जिससे मिलते हैं, वह व्यक्ति हमसे अच्छा व्यवहार करता है। दिन भर में एक या दो बार भी अगर हम दिल से मुस्कुरा लें, तो हमारी सारी थकान खत्म हो जाती है। हम अभिभूत से दिखने लगते हैं। इससे हमारी सोशल इमेज निखरती है। लब्बोलुआब यह कि मुस्कुराना हमारी हमारी सफलता, हमारी खुशी का सबसे बड़ा सबूत होती है। *

### मुस्कुराहट के प्रकार

**वैसे मुस्कुराहटें** तीन तरह की होती हैं। पहली तरह कि मुस्कुराहट एक ऐसी सौम्य मुस्कुराहट होती है, जो स्वीकृति, खुशी, संतोष और अनगिनत दूसरे सकारात्मक भावों को व्यक्त करती है। दूसरे किस्म की मुस्कुराहट वह होती है, जिससे हमें बल मिलता है, भरोसा मिलता है, अपनापन महसूस होता है, करुणा और सामाजिक जुड़ाव की उम्मीद बंधती है। लेकिन एक वर्चस्व की मुस्कान भी होती है या इसे चाहें तो हम प्रभुत्व की मुस्कुराहट भी कह सकते हैं। भगवान कृष्ण जब दुर्योधन की बड़ी-बड़ी डींगों पर हल्के से मुस्कुरा देते हैं, तो वह मुस्कुराहट दुर्योधन के सारे दावों पर पानी फेरना होता है। यह प्रभुत्व की मुस्कुराहट है। इस मुस्कुराहट से हम दूसरे को खारिज करते हैं, अपनी श्रेष्ठता दर्ज करते हैं और कभी-कभी ऐसी मुस्कुराहट से हम अपने अंदर की घृणा को भी व्यक्त करते हैं।



# युवा पीढ़ी समझती है वैवाहिक बंधन की महत्ता

विवाह का बंधन, ऐसा जुड़ाव है, जो दो इंसानों, परिवारों को ही नहीं जोड़ता, सामाजिक संस्कारों को भी आगे बढ़ाता है। आज की युवा पीढ़ी इस बंधन की महत्ता को अच्छी तरह समझती है। इस जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने में करवा चौथ जैसे पर्व बड़ी भूमिका निभाते हैं।

करवा चौथ विशेष

रिलेशनशिप
डॉ. मोनिका शर्मा

एक स्त्री-पुरुष के मन-जीवन का गठजोड़ शादी का रिश्ता, समाज की बुनियाद को मजबूती देता है। भविष्य की पीढ़ियों का आधार और पुरानी पीढ़ी को थामे रखने वाला सहारा बनता है। हमारे देश में विवाह संस्कार को पूरे समाज की ही बुनियाद माना जाता है। यही कारण है कि डिजिटल जुड़ाव से लेकर दुनियावी बदलाव तक, शादी से जुड़े बहुत से रंगों को नहीं बदल सके हैं। अच्छी बात यह है कि बहुत से युवा आज भी परंपरागत रीति-रिवाज से ना केवल शादी करने में बल्कि उसे निभाने में भी विश्वास रखते हैं। करवा चौथ जैसे पर्व, पति-पत्नी के मनोभावों के जुड़े रहने की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।

**बरकरार है जिम्मेदारी का भावः** दुनिया के हर समाज में युवा पीढ़ी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। ट्रेडिशनल रंग-ढंग लिए इन वैल्यूज को उनकी शादी-शुदा जिंदगी अगली पीढ़ी तक लेकर जाती है। दो इंसानों का आपसी स्नेह, संस्कारों की धरोहर भी सहेजता है। सुखद है कि युवा पीढ़ी अब परिवार की महत्ता समझ रही है। कमोबेश हर मोर्चे पर लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को जीने वाली नई पीढ़ी में पारिवारिक जीवन की अहमियत समझने का भाव भी साफ दिखता है। हमारी परंपरागत और सांस्कृतिक जीवनशैली से जुड़े भाव-चाव को संवारते-संभालते युवा, परिवार तंत्र को बनाए रखने से जुड़े विश्वास को बल देते हैं। दुनिया के हर हिस्से में ही शादी-शुदा जीवन में आ रहे अलगाव और बिखराव से बचने के लिए जज्बाती बंधनों को बनाए रखने की सोच दुनिया भर में सराही जाती है। प्रोफेशनल, पर्सनल, रिश्ते-नातों और मनोभावों से जुड़ी हर जद्दोजहद के बीच भी यंग जनरेशन का विवाह के संबंध में भरोसा बने रहना, पूरे समाज के लिए सुखद है। कुछ समय पहले सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से जुड़े पब्लिक फाउंडेशन-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की एक श्रंखला को कवर करने वाली स्टडीज में सामने आया था कि हमारे यहां बड़ी संख्या में युवा परंपरागत ढंग से वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। शादी डॉट कॉम द्वारा करवाया गया एक अध्ययन भी बताता है कि भारत में शादी को इमोशनल और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी से जोड़कर देखे जाने की सोच है। जीवन भर के साथ में ठहराव और लगाव के मायने समझने वाले युवा आज भी परिवार और जीवनसाथी के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। यही सोच शादी के बंधन में बिखराव नहीं आने देती है।

**साथ बने रहने की सोचः** हमारे देश में आज भी डाइवोर्स का प्रतिशत बहुत कम है। भारत में तलाक की दर अब भी दुनिया की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है। आज भी परिजन हों या खुद यंग कपल्स, छोटी-मोटी उलझनों को रिश्ता टूटने का कारण नहीं बनने देते। साथ रहते-जीते हुए सब कुछ सहज और मनचाहा नहीं हो सकता, यंग जनरेशन की ऐसी समझ वाकई सुखद है। दुनिया के हर हिस्से में बढ़ रहे डाइवोर्स केसेस के बीच भारत में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां वैवाहिक संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक सोच रखते हैं। यह सोच उनके घर-परिवार से जुड़े रहने की सोच का ही एक पहलू है। फैमिली से जुड़े रहने से ना केवल समय के साथ बढ़ती उलझनों को सुलझाने में पैरेंट्स की सलाह-समझाइश मिलती है बल्कि शादी-शुदा जिंदगी में सम्मानजनक व्यवहार को भी बल मिलता है। इससे पारिवारिक माहौल में बहुत पॉजिटिव बदलाव आ रहे हैं। एक ओर लव मैरिज से जुड़े बच्चों के फैसले अभिभावक खुशी-खुशी स्वीकार करने लगे हैं तो दूसरी ओर बहुत से बच्चे भी लाइफ पार्टनर को लेकर पैरेंट्स के चुनाव को अहमियत देते हैं। यह शेयरिंग-केयरिंग का पहलू पूरे फैमिली सिस्टम को थामने वाला है।



**जीवन संवारने वाला भरोसाः** कुछ समय पहले स्टैटिस्टिक्स ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया था कि अरेंज मैरिज में डाइवोर्स की दर सिर्फ 6 प्रतिशत है। इसी आंकड़े के रेफरेंस देते हुए भारत के 60 प्रतिशत युवाओं ने खुद को अरेंज मैरिज के पक्ष में बताया। सुखद यह है कि ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल से जुड़ी यह सोच युवाओं को आज के दौर में मन और शरीर से जुड़ी बहुत सी परेशानियों से भी बचाने वाली है। सार्थक बदलाव के साथ इस भाव और विश्वास की बुनियाद को पक्का करने वाले करवा चौथ जैसे पर्व भी मन के मेल को और बढ़ाने वाले ही हैं। अपने परिवार और साथी की कुशल कामना से जुड़े ऐसे त्योहार, थोड़ा ठहर कर यह सोचने का परिवेश बनाते हैं कि हमारे समाज में शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का गठजोड़ है। इससे आपसी भावनात्मक संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, समय के साथ बढ़ती जाती है। *

दोहे
केदार शर्मा 'निरीह'

## प्रियतम का यूं साथ हो...



धरती पर रस बरसता, कर तम का अवसान।
मन तम को हर लीजिए, हर करके अज्ञान।।
जल बिच खिलती कुमुदनी, चढ़ती ज्यों परवान।
प्रियतम का यूं साथ हो, मांग रही वरदान।।
धरती की कर परिक्रमा, करा नेह का भान।
मेरे प्रियतम संग मैं, करती हूं गुणगान।।
भावों की जलधार से, अर्घ्य का कर दान।
किरण आपकी उतर कर, हरे मनस अज्ञान।।
जीवन झरने सा बहे, प्रियतम के संग-साथ।
छाया हो या धूप हो, रहे हाथ में हाथ।।
सारस संगी सारसी, जैसे आठों याम।
हरिन संग में हरिप्रिया, रमा संग ज्यों राम।।
गिरिजा का ज्यों संग है, गिरिजापति के साथ।
ऐसे साजन साथ दें, सुनिए तारक नाथ।।
युगों युगों से दे रहे, धरती को अवदान।
विनती तारक नाथ से, दें सुहाग सम्मान।।

लघुकथाएं

## वचन

प्रवीण को वह करवा चौथ आज भी याद है। जब पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। वह शाम को अपने बिस्तर पर उदास लेटी हुई थी। प्रवीण ने कहा, 'तुम्हारा ऑपरेशन सफल हो गया है फिर क्यों चेहरा लटका रखा है? सुख-दुख तो जीवन में आते-जाते रहते हैं। इसी को ही तो जीवन कहते हैं।'

पत्नी दुखी मन से बोली, 'मुझे अपनी चिंता नहीं है।'

'तो किसकी चिंता है?' प्रवीण ने पूछा।

पत्नी की आंखें नम हो आईं, बोली, 'कल करवा चौथ है और मैं आपकी लंबी उम्र के लिए उपवास भी नहीं रख सकूंगी। बस यही चिंता सता रही है। ईश्वर ने मेरे साथ कितना बुरा किया है।' 'अरे ईश्वर को क्यों कोसती हो...तुम्हें याद है, जब अपनी शादी के फेरे हुए थे तो पंडित जी ने एक-दूसरे का साथ देने के लिए सात वचन करवाए थे। उस समय मैंने भी कहा था, मैं हमेशा तुम्हारे सुख-दुख में सदा साथ रहूंगा। आज शायद वो वचन निभाने का समय आ गया है।' प्रवीण ने पत्नी की हिम्मत बंधाई। पत्नी चौंकी, 'वचन...! करवा चौथ पर कौन-सा वचन निभाओगे?'

'जब तुम मेरी दीर्घायु की कामना करने के लिए पिछले तीस बरसों से करवा चौथ का व्रत करती आई हो... तो कल मैं...।' प्रवीण कुछ और कहता, इससे पहले पत्नी बीच में ही बोली, 'तो कल मैं का क्या मतलब...?' 'कल मैं तुम्हारी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की मन्नत के साथ करवा चौथ का व्रत रखूंगा और तुम्हारे दर्शन करके ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा।' प्रवीण पत्नी का हाथ अपने हाथों में लेकर बोला।

यह सुनकर पत्नी के आंखों में आंसू छलक आए। *

**- गोविंद भारद्वाज**




## सम्मान

आज आकाश जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे, उनके बेटे अमित ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान जो प्राप्त किया था।

आकाश जी बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी प्रभा घरेलू महिला हैं। वह सुबह से ही घर सजाने में व्यस्त थीं। आज मीडिया वाले अमित का इंटरव्यू लेने आने वाले थे। 'मां आप भी तैयार हो जाएं, मीडिया वाले आपसे भी बात करेंगे।' अमित अपनी मां के गले में प्यार से हाथ डालते हुए बोला।

'इन्हें तैयार-वैयार होने की कोई जरूरत नहीं है।' एकाएक आकाश जी बीच में ही बोल पड़े, फिर वह प्रभा की ओर मुखातिब हुए, 'और हां, तुम उन लोगों के सामने आना भी मत। तुम्हें पढ़ाई-लिखाई की बात कहां समझ में आती है। मीडिया वालों के सामने कोई ऊंटपटांग जवाब दे दिया तो भद्द पिट जाएगी।'




आकाश जी की बात सुनकर प्रभा का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। पहली बार उन्हें अपने पति की बात शूल की तरह चुभी थी। ऐसा भी नहीं था कि अनपढ़ होने का तंज उन्होंने पहली बार सहा हो, या इससे पहले कभी उन्हें बच्चों की परवरिश को लेकर पति ने कोई टिप्पणी ना की हो।

तभी दरवाजे की घंटी बजी। मीडिया वाले आ गए थे। आकाश जी आदर के साथ उन लोगों को अंदर लाए। अमित के इंटरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ। कई सवाल पूछे जाने के बाद अचानक एक रिपोर्टर की नजर पर्दे की आड़ में से झांक रही किसी महिला पर पड़ी। उसने बरबस अमित से पूछ लिया, 'वे शायद आपकी माता जी हैं, उन्हें तो बुलाइए जरा।'

'अरे, नहीं-नहीं, वो तो हमारी रिश्तेदार हैं। अमित की मां तो मंदिर गई हुई हैं।' आकाश जी ने साफ-साफ झूठ बोल दिया। 'नहीं, यह मेरी मां हैं, पापा झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए पापा उन्हें कभी किसी से नहीं मिलवाते, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। आज तक मैंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मां की वजह से प्राप्त किया है। अगर मां मेरा साथ ना देतीं तो मैं कब का हार मान चुका होता। जब भी मेरी लगन-मेहनत में कमी होती, मां ही मुझे संभालतीं। मेरी मां के विश्वास ने ही मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आज मैं इतनी बड़ी सक्सेस पा सका हूं।' कह कर अमित अपनी मां का हाथ पकड़ कर बैठक में ले आया। उसने मां को अपने पापा के पास वाली कुर्सी पर बैठा दिया।

प्रभा की आंखें खुशी से छलक आई थीं। आज उसके बेटे ने उन्हें बहुत बड़ा सम्मान दिलाया था। *

**-शीला श्रीवास्तव**

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## इंद्रप्रस्थ भारती का रामदरश मिश्र विशेषांक

अनेक विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त, कई पुरस्कारों से सम्मानित सात-आठ दशकों से निरंतर रचनारत वयोवृद्ध साहित्यकार रामदरश मिश्र का यह जन्मशती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर उन पर केंद्रित इंद्रप्रस्थ भारती पत्रिका का जुलाई-अगस्त अंक, विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। यह अंक ना केवल पठनीय अपितु संग्रहणीय भी बन पड़ा है क्योंकि इसमें हम ना केवल रामदरश जी की रचनाशीलता के विभिन्न आयामों से परिचित हो सकते हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कई लेखकों के नजरिए से समझ भी सकते हैं। पत्रिका के पहले खंड में वरिष्ठ लेखक प्रकाश मनु और ओम निश्चल ने भरपूर भावुकता से मिश्र जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा किया है तो उनकी पुत्री स्मिता मिश्र की अनुभूतियां भी मार्मिक हैं। दूसरे खंड में मिश्रजी के रचना संसार का एक झरोखा खुलता है। इसमें उनकी कुछ कहानियां, कुछ कविताएं, आत्मकथा के अंश, डायरी के अंश और निबंध पढ़ सकते हैं तो तीसरे खंड में प्रेम जनमेजय, पल्लव, नीलम चतुर्वेदी, वेदमित्र शुक्ल और केशव मोहन पांडे समेत एक दर्जन से अधिक लेखकों ने रामदरश जी की बहुविध रचनाशीलता की महत्ता को रेखांकित किया है। *




पत्रिकाः इंद्रप्रस्थ भारती (जुलाई-अगस्त 2024, रामदरश मिश्र जन्मशती विशेषांक), संपादकः संजय कुमार गर्ग, मूल्यः 75 रुपए, प्रकाशकः हिंदी अकादमी, दिल्ली

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास...



14 महिला, कृषि व मजदूर अर्थव्यवथा की रीढ़ है





# नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल और रकबे में संशोधन 31 तक

## समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी के लिए किसान पंजीयन संबंधी बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी के लिए किसान पंजीयन के संबंध में खाद्य, कृषि, मंडी सचिव, सहकारिता, जिला विपणन, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपणन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन एक जुलाई से चल रहा है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। पंजीयन के लिए सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन करा सकते हैं। धान खरीदी से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर खाद्य विभाग का टोल फ्री नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

धान खरीदी की समीक्षा के पूर्व कलेक्टर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हितग्राहियों की सुविधा के लिए शेष बचे राशन कार्ड नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी कराने के लिए 31 अक्टूबर तक कराने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए सभी उचित मूल्य के दुकानों में फ्लैक्स के माध्यम से नागरिकों को सूचना देने एवं मुनादी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कैरी फारवर्ड के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में छुटे हुए कृषकों के पंजीयन करने के लिए एसडीएम एवं सहायक ▶▶ शेष पेज 12 पर

### एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि धान एवं मक्का कृषक को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों को आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत माना जाएगा एवं इसके लिए विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों की दर्ज भूमि एवं धान के रकबे एवं खसरे को राजस्व विभाग के माध्यम से अद्यतन करा लिया जाए। यह कार्य एकीकृत किसान पंजीयन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।





### 30 धान उपार्जन केन्द्र में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश

इस दौरान जिला विपणन अधिकारी अमित चन्द्राकर ने बताया कि गत खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 30 धान उपार्जन केन्द्र को संवेदनशील श्रेणी का बताया। कलेक्टर ने उन 30 केन्द्रों में से सात केन्द्र इनमें देवभोग, झाखरपारा, ढोररा, तेतलखुंटी, उरमाल, रसेला एवं दुल्ला को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र के लिए विशेष जांच दल का गठन करने एवं गत वर्ष अनुसार 30 चेकपोस्ट में रोस्टरवार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएसआर मद से संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं कन्ट्रोल रूप तैयार का उसका फुटेज देखने के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने को कहा। इसके अलावा राजिम क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा सहित अतिरिक्त चेकपोस्ट लगाने के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप

### बिजली विभाग का मेटाडोर पलटा



**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी जोबा मोड़ के पास शनिवार को शाम 05 बजे के आसपास बिजली विभाग का मेटाडोर पलट गया। जिससे सड़क में कुछ समय के लिए जाम लग गई वाहन को सड़क के किनारे किया जा चूका है मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दसपुर में बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर बदलने गए थे कि वापस लौटते समय मेटाडोर सी जी 04 एम एम 4011 पलट गई जिससे आवगमन कुछ समय के लिए बाधित हो गया।

### लोहरसी में मानस गान आज

**कोपरा।** ग्राम लोहरसी में बाल समाज मानस परिवार ग्राम बाना जिला- रायपुर की रामायण कार्यक्रम प्रस्तुति 20 अक्टूबर को होगी। कार्यक्रम में उरेन्द्र साहू, खेमू साहू, महेश साहू, जितेन्द्र साहू ने बड़ी से बड़ी संख्या मे लोगों को पहुंचने की अपील की हैं।

### सूने मकान को बनाया निशाना, ताला तोड़ कर की जेवरात की चोरी

**बिरकोनी।** समीपस्थ ग्राम बिरकोनी में सूने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। प्रार्थी भीमसेन साहू पिता उदेराम साहू ने सिटी कोतवाली द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया है कि 10 अक्टूबर गुरुवार को पत्नी अपने मायके ग्राम रीवां आरंग गई थी और प्रार्थी मकान में ताला लगाकर दुकान महासमुंद गया हुआ था। रात्रि 7 बजे जब वह घर पहुंचा तो घर का मुख्य द्वार तो बंद था लेकिन, अंदर रुम का ताला टूटा मिला। जहां रखी अलमारी में रखा सोने का हार वजन 13.470 ग्राम जिसकी कीमत लगभग 36,370 रुपए आंकी गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा छत की ओर से मकान के भीतर प्रवेश कर चोरी को अंजाम दिया गया है।

### गोठान से सोलर पंप चोरी

**महासमुंद।** ग्राम सुखीपाली के गोठान से सोलर पंप चोरी के मामले में पिथौरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सरपंच सुशील कुमार प्रधान पिता निरंजन प्रधान ने रिपोर्ट में बताया कि 1 अक्टूबर की रात में गोठान में लगे 5 एचपी सोलर पंप, 20 मीटर केबल कीमत 53 हजार रुपए के सामान को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सरायपाली एसडीएम ने की अवैध रेत डंपिंग पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बिना अनुमति के डंप किए गए रेत के भंडारण पर जब्ती की कारवाई करते हुए सरायपाली एसडीएम नम्रता चौबे ने शनिवार को ग्राम चट्टीगिरोला में औचक निरीक्षण के दौरान पंचनामा कर जब्ती की कार्रवाई की है। जिले में कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर की जा रही सतत कारवाई के तहत मिली जानकारी के अनुसार चंदन अग्रवाल द्वारा निजी जमीन पर 14 घन मीटर के हिसाब से 12 ढेर अर्थात 168 घंन मीटर रेत का अवैध भंडारण किया गया था। साथ ही उसी स्थान से एक हाइवा में रेत का परिवहन करते हुए भी पाया। जिसे भी जब्त कर सिंघोड़ा थाना में अभिरक्षा में रखा गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार हरिप्रसाद भोई भी मौजूद रहे।

## हादसा : गरज चमक के साथ हुई बारिश, घंटों बिजली बंद रही

# पेड़ गिरने से एनएच 130 पर लगा 2 घंटे जाम, फंसे रहे सैकड़ों वाहन

### वाहन चालको ने पेड़ काटकर जाम किया साफ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र में शनिवार शाम 5 बजे के आसपास मौसम ने अचानक करवट लिया और देखते ही देखते झमाझम बारिश होने लगी भारी बारिश के साथ गरज चमक से लोग सहम उठे घंटो बिजली बंद हो गई तो वहीं मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी मुख्यमार्ग में झरियाबाहरा उखरूपारा के पास पेड़ सड़क में गिर जाने से दो घंटे तक नेशनल हाईवे जाम हो गई सैकड़ों वाहनों का काफीला दोनों तरफ लगी हुई है और झमाझम बारिश के बीच लोग परेशान हो रहे हैं यात्री बेहाल हो गए है तो वहीं वहान चालकों द्वारा सड़क से पेड़ हटाने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा कर रहे ब्लाक कांग्रेस अमलीपदर के अध्यक्ष ललिता यादव, शेखर पटेल, खेलन साहू, मनोहर यादव, जीवन यादव ने बताया शाम 05 बजे से नेशनल हाईवे में पेड़ गिरा है लेकिन हटाने वाला कोई नही है सैकड़ो वाहन फंसा हुआ है वाहन चालको द्वारा पेड़ काटकर हटाया जा रहा है।

### गाज गिरने से युवक की मौत



मैनपुर। जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव इलाके में शनिवार को दोपहर 03 बजे के आसपास गाज गिरने से एक युवक की मौत हो गई। नदी में बाढ़ होने के कारण युवक के शव को ट्रेक्टर के माध्यम से चिपरी नदी को पार कराया गया। फिर मुक्तांजली वाहन के माध्यम से मैनपुर लाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुचेंगा के भाठापानी निवासी संजय कुमार मरकाम पिता राजमन मरकाम उम्र 21 वर्ष अपने दोस्तो के साथ टांगरान के जंगल में मवेशी चराने गया था। अचानक आंधी- तूफान के साथ गरज चमक और जमकर बारिश होने लगी सभी दोस्त बारिश से बचने अलग - अलग पेड़ के नीचे आश्रय लिए की अचानक गाज गिरने से संजय कुमार मरकाम की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, कुचेंगा सरपंच प्रतिनिधी दीनाचंद मरकाम, कोकड़ी सरपंच सखाराम मरकाम, गोना सरपंच सुनील मरकाम, पटवारी निरज दीवान, कोटवार गिरधारी लाल घटना स्थल पर पहुंचें और शव को पोस्टमार्डम के लिए मैनपुर भेजा गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने चीपरी नदी में बाढ़ होने के कारण ट्रेक्टर की व्यवस्था करवाकर शव को नदी पार करवा मुक्तांजली वाहन के माध्यम से मैनपुर लाया जा रहा है। शोभा थाना प्रभारी हिमांचल ध्रुव ने बताया मवेशी चराने गए युवक की मौत गाज गिरने से हुआ है जिसकी जानकारी मिली है।

# मतदाता जागरूकता के लिए निकाली गई रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

जिला गरियाबंद अंतर्गत नगरीय निकायों में स्थानीय निर्वाचन से पूर्व मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के द्वारा सभी निकायों को छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं।

इसी कड़ी में फिगेश्वर नगर में शनिवार को नगर पंचायत फिंगेश्वर के सभी कर्मचारियों के द्वारा शहर के मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल होने के लिये प्रेरित करने के लिए ''जागव वोटर जाबो'' अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई एवं मतदाता जागरुकता का शपथ दिलाया गया। विदित हो कि आगामी स्थानीय निकायों के निर्वाचन से पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसके अंतर्गत नगरीय निकायों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को किया गया है। 23 अक्टूबर दोपहर 3 बजे तक नागरिकों को दावा आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागव वोटर जाबो अभियान चलाया जा रहा है। जिला गरियाबंद में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गरियाबंद दीपक अग्रवाल के द्वारा जिले के सभी निकायों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के लिए सभी सीईओ और सीएमओ को उनके निकायों के लिये नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# गैरहाजिर शिक्षकों को दिया गया कारण बताओ नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

शिक्षा में कसावट लाने विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी द्वारा फिंगेश्वर विकासखंड के विभिन्न शालाओं में निरीक्षण किया। इस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला पुरैना में तीन शिक्षक, प्राथमिक शाला बिनौरी में दो शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला बिनौरी में तीन प्राथमिक शाला भसेरा में दो शिक्षक निर्धारित समय तक शाला में अनुपस्थित पाया गया। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला पाली एवं पसौद में सभी शिक्षक समय पर उपस्थित थे। निर्धारित समय पर शाला में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। इस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला पसौद में शिक्षक पालक सम्मेलन में उपस्थित होकर पालकों के साथ बच्चों के शैक्षणिक क्रियाकलापों के संबंध में चर्चा करते हुए बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा नैतिक, शारीरिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देंने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि बच्चे भविष्य में आदर्श नागरिक बनकर ▶▶ शेष पेज 12 पर

# डॉक्टर से अभद्र व्यवहार गिरफ्तारी की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

शासकीय सामुदायिक अस्पताल में 18 अक्टूबर को रात 10 बजे के बाद जहर खुरानी मरीज को लेकर नगर के निजी क्लीनिक के संचालक डॉ. हरीश हरित ने शासकीय अस्पताल के डॉ. विपिन लहरे के साथ गाली गालौज कर दी। जिसके चलते आन डयूटी पर तैनात डॉ. विपिन लहरे असुरक्षा की भावना एवं अपमानित महसूस करते हुए निजी क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर के खिलाफ फिंगेश्वर पुलिस मे रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पर गाली गलौज सहित युवक के हरकतों का सीसी टीवी की कॉपी दी गई है। अस्पताल के अंदर डॉ. विपिन ▶▶ शेष पेज 12 पर

# वार्ड पार्षद कांता व शीतल का नाम मतदाता सूची से गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर

■ मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद मचा बवाल

नगर पालिका अभनपुर में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन के बाद बवाल मचा हुआ है। मतदाता सूची मे इतनी गंभीर अनिमितताएं हुई है कि पालिका के वर्तमान वरिष्ठ पार्षद कांता बजाज एवं वार्ड नंबर 5 के शीतल गिलहरे का नाम ही मतदाता सूची से गायब है। इसी तरह वार्ड नंबर 11,12 के लगभग 200 लोगों को वार्ड नंबर 13 में जोड़ दिया गया है एवं वार्ड नंबर 12 से 50 से अधिक लोगों को वार्ड 11 में ट्रांसफर कर दिया गया है। जबकि ये सभी अपने -अपने वार्डो मे कई पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं। मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गंभीर अनिमियता की शिकायत मिलने पर एसडीएम अभनपुर ने नगर पंचायत के पार्षद एवं जनप्रतिनिधियो की बैठक बुलाई थी। उक्त बैठक में मतदाता सूची में किए गए फेरबदल को लेकर आरोप प्रत्यारोप के बीच तीखी नोक झोंक हुई। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीण बजाज ने जानना चाहा कि इतने बड़े पैमाने पर मतदाताओं को इधर- उधर किया गया किसके कहने पर सूची में फेरबदल किया गया इसकी जांच होनी चाहिए अगर कर्मचारियों की लापरवाही से यह फेरबदल हुआ है उन पर कार्यवाही होनी चाहिए। बैठक में उपस्थित नगर पंचायत के सीएमओ सहित कर्मचारी इस विषय पर स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए हैं। इसी तरह पूर्व मे पार्षद का चुनाव लड़ चुके नीलकमल गिलहरे ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत की प्रतिनिधियो व कर्मचारियों के मिली भगत के बगैर मतदाताओं का नाम इधर से उधर होना संभव नहीं है। परिसीमन के प्रकाशन में सभी मोहल्ला व स्थान कौन से वार्ड में आते है यह सब स्पष्ट रूप से प्रकाशन हो चुका है। फिर भी नाम को इधर- उधर जानबूझ कर किया गया है। मतदाता सूची जैसे गंभीर मामले में बिना किसी तथ्य के बदलाव करना इसकी जांच होनी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व पार्षद रानू राठी ने आरोप लगाया है कि प्राईवेट कंपनियो में बाहर के कर्मचारी कई वर्ष पूर्व यहां से ▶▶ शेष पेज 12 पर

## शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम बनने की दी प्रेरणा

# कार्यशाला में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा





आईएसबीएम विश्वविद्यालय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला का शनिवार को आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लड़कियों को आत्मक्षा के बुनियादी कौशल सिखाना और उनमें आत्मविश्वास का संचार करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात, फैकल्टी ऑफ साइंसेज की प्रमुख, डॉ. पूनम वर्मा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उद्घाटन भाषण प्रोफेसर पी. विष्नाथन, अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ साइंसेज द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने आत्मरक्षा कार्यशालाओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इनसे लड़कियों में आत्मनिर्भरता और सुरक्षा की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम के दौरान, प्रोफेसर सुभाषिष बिस्वास, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, ने एक प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया और छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम बनने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही, प्रोफेसर एनके स्वामी, अकादमी अधिष्ठाता और आईक्यूएसी निदेशक, ने आत्मरक्षा के महत्व और इसकी आधुनिक आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. बीपी भोल, कुलसाचिव, आईएसबीएम विश्वविद्यालय ने भी इस अवसर पर एक प्रेरक वक्तव्य दिया, जिसमें उन्होंने छात्राओं को अपनी सुरक्षा के के प्रति जागरूक और सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। उनका यह संदेश छात्राओं को आत्मविश्वास से परिपूर्ण कर दिया। इस कार्यशाला के मुख्य आकर्षण थे मिस्त्र लुकेश्वर साहू कराटे ट्रेनर, हाई स्कूल लोहाझर, मिस्त्र लेखराज साहू और मिस निधि ठाकुर, जिन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा की बुनियादी तकनीकें सिखाईं। दोनों विशेषज्ञों ने आत्मरक्षा के लिए आवश्यक शारीरिक और मानसिक दृढ़ता के बारे में विस्तार से बताया और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन बीएससी की छात्रा प्रियंका साहू ने की। इस कार्यशाला से छात्राओं को न केवल आत्मरक्षा के कौशल सीखने का अवसर मिला, बल्कि उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति अधिक सजग और सशक्त बनाने में मदद मिली। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के प्रयासों का एक अभिन्न हिस्सा थी, जो छात्राओं को सुरक्षित, सशक्त, और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम था। कार्यशाला के अंत में कार्यशाला की संयोजक मिस रानू वर्मा गणित विभाग की सहायक प्राध्यापक, ने धन्यवाद ज्ञापन भी प्रस्तुत किया।

### तुमगांव में शारदीय नवरात्रि की पूर्णाहुति

**महासमुंद।** गायत्री प्रज्ञापीठ तुमगांव में शारदीय नवरात्रि की पूर्णाहुति हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ युग गायन एवं मां गायत्री की पूजा, यज्ञ, हवन से हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत तुमगांव के पूर्व अध्यक्ष मीना शर्मा उपस्थिति रही। सैकड़ों की संख्या में परिजनों द्वारा यज्ञ में आहुति दी गई। यज्ञ का संचालन पंचराम ध्रुव ने किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन धुरुराम साहू, किशन लाल साहू, डॉ केआर ठाकुर, पंचराम निषाद, पंथराम साहू, मनीष निषाद, सुखीराम सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच ने मनाई शरद पूर्णिमा

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच की पदाधिकारियों ने रायपुरा स्थित शिखा सदन में शरद पूर्णिमा का आयोजन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा की उपस्थिति में चांदनी रात में चंद्रमा की शीतलता से अमृत वर्षा पश्चात खीर-पूरी व अन्य लजीज व्यंजनों के साथ शरद उत्सव का आनंद लिया। सुधा शर्मा के भजन को काफी सराहा गया। संचालन महादेवघाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा तथा शारदा मिश्रा ने किया। आभार रायपुरा अध्यक्ष शिखा शर्मा ने व्यक्त किया। आयोजन में मुख्य रूप से रत्ना शर्मा, वीणा तिवारी, शारदा मिश्रा, सुधा शर्मा, सुनंदा दुबे, वैजयंती चतुर्वेदी, कविता शर्मा, निशा दुबे, शशि पांडे, शिवम शर्मा, रुक्मिणी पांडे शामिल रहीं।

### राजधानी ड्रायक्लीनर्स को उत्कृष्ट पुरस्कार



**रायपुर।** सफल लॉन्ड्री संचालन के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के इन्फेक्शन कंट्रोल बोर्ड ने राजधानी ड्रायक्लीनर्स संस्थान को उत्कृष्ट पुरस्कार दिया है, जिसे संचालक सूरज निर्मलकर ने ग्रहण किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि मेडिसिन विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजीव लोचन खरे, अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी, अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर के निर्देशन में प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक मुखिया देवांगन समाज के अध्यक्ष चोवाराम देवांगन, धोबी समाज के प्रदेश सचिव पीसी निर्मलकर को भी अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को अस्पताल संचालन में सहयोग देने के लिए और जागृत करने के लिए सम्मानित किया गया।

### व्यापारी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष से चैंबर अध्यक्ष ने की भेंट



**रायपुर।** चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी से मुलाकात कर जीएसटी सरलीकरण, एमएसएमई उद्योग, वित्तीय सेवाओं एवं व्यवसाय से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान, शिक्षा के लिए सुझाव संबंधी ज्ञापन सौंपा। महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के संबंध में तथा जीएसटी के सरलीकरण एवं युक्तियुक्त करने तथा एमएसएमई उद्योगों के सुदृढ़ीकरण, वित्तीय सेवाओं, लेखाकर्म के छात्रों को व्यवसाय से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान, शिक्षा के लिए व्यापारियों द्वारा दिए सुझावों को प्रमुख रूप से चैंबर ने सूचीबद्ध किया।

# अपराध नियंत्रण के लिए हो सख्ती, साइबर अपराध रोकने दिखाएं ततपरता-सीएम

**मुख्यमंत्री ने गृह विभाग के कामकाज की समीक्षा की**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हर हाल में कानून और व्यवस्था बहाल रखनी चाहिये। पुलिस त्वरित कार्यवाही करे और चौकन्नी रहे। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री ने साइबर अपराधों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे मामलों में पुलिस को तत्परता से काम करने के निर्देश दिए हैं। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर होने वाली घटनाओं पर पुलिस की पैनी नजर होनी चाहिए और इन घटनाओं के संभावित परिणाम पर भी विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए नशे के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जाए। गांजा, अवैध शराब, ड्रग्स की तस्करी पर मुस्तैदी से कार्यवाही हो। श्री साय ने कहा कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में पुलिस की गश्त नियमित रूप से होनी चाहिए। पुलिस के आला अफसर भी अनिवार्य रूप से पेट्रोलिंग करें।

**सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत बनाएं**



**दुकानें, होटल निर्धारित समय पर बंद होने चाहिए**

रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, हवाई अड्डों के साथ ही संवेदनशील इलाकों में नियमित रूप से पुलिस की पेट्रोलिंग होती रहनी चाहिए। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शॉपिंग मॉल, दुकानों, होटलों आदि रात्रि के समय पर निर्धारित समय पर बंद होनी चाहिए। बियर बार एवं होटल निर्धारित समय पर बंद हो ऐसे होटल जहां शराब की अवैध बिक्री की शिकायत मिलती है उन पर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सायबर क्राईम को रोकने के लिए तत्परता से प्रभावी कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन,अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# इस धनतेरस सोना 80 हजारी सालभर में 17 हजार बढ़े दाम

*चांदी एक लाख की राह पर, अभी कीमत 95 हजार*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने इस साल ऐसी रफ्तार पकड़ी है जैसी पहली कभी नहीं पकड़ी थी। इतिहास में पहली बार सोना अब 80 हजारी हो गया है। इस बार धनतेरस पर ग्राहकों को सोना खरीदने के लिए बीते साल से 17 हजार रुपए दस ग्राम पर ज्यादा देने होंगे। बीते साल धनतेरस पर सोना 63 हजार रुपए था। इसके और पहले 2022 की बात करें, तो सोना उस समय 50 हजार रुपए था। यानी दो साल में कीमत में 30 हजार का इजाफा हुआ है।

इसी के साथ इस बार चांदी की कीमत में भी आग लगी है। अभी चांदी एक लाख तक तो नहीं पहुंच सकी है, लेकिन संभावना है कि धनतेरस तक यह एक लाख के आसपास पहुंच जाएगी। ऐसे में सोना और चांदी निवेश के लिए खरे साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि अपने प्रदेश में रोज सोने और चांदी में 25 करोड़ का निवेश हो रहा है। इसमें से 20 करोड़ का सोने और पांच करोड़ का चांदी में निवेश हो रहा है। बीते साल भर में सोने की कीमत से तो नए-नए रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इस बार जितनी तेजी से इसकी कीमत में इजाफा हो रहा है, उतनी तेजी से कभी नहीं होता था। करीब दो साल में सोने की कीमत 30 हजार रुपए बढ़ी है। 50 हजार वाला सोना 80 हजार हो गया है। यानी कीमत में 60 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस साल की ही बात करें तो इस साल जनवरी में सोने की कीमत 65300 रुपए थी जो इस समय 80 हजार हो गई है। यानी दस माह में कीमत 15 हजार रुपए बढ़ी है।



**चांदी की कीमत एक लाख जाने की संभावना**

जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी की कीमत साल के प्रारंभ में 75 हजार रुपए किलो थी जो इस समय 95 हजार पहुंच गई है। वैसे इसके पहले इसकी कीमत 97 हजार तक जा चुकी है। इसकी कीमत एक लाख जाने की संभावना पहले ही थी, लेकिन कीमत वापस कम होने लगी और कीमत बीते माह कीमत 82 हजार तक चली गई। लेकिन वापस अब कीमत बढ़ते-बढ़ते 95 हजार तक पहुंच गई है। संभावना है कि इस बार दीपावली के पहले कीमत एक लाख तक जा सकती है।

***सोने-चांदी में 25 करोड़ का रोज निवेश***

*प्रदेश में राजधानी रायपुर के साथ सभी शहरों को मिलाकर निवेशक रोज करीब 20 करोड़ का सोना निवेश करने के लिए खरीदते हैं। निवेश के लिए खरीदा जाने वाला सोना सिक्कों के साथ बिस्कुट और सिल्ली की शक्ल में होता है। जहां एक ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के सिक्के मिलते हैं। वहीं किलो में लेने के लिए सिल्ली के रूप में मिलते हैं। निवेश के लिए खरीदे जाने वाले सोने को ही बुलियन कहा जाता है। सोने के साथ ही चांदी में भी निवेश किया जाता है। हालांकि इसमें सोने की तुलना में कम निवेश होता है, क्योंकि इसकी कीमत कम होने के कारण इसको बहुत ज्यादा मात्रा में लेना पड़ता है। चांदी में निवेशक रोज करीब पांच करोड़ लगाते हैं।*

## बूथों पर फोकस करके रायपुर दक्षिण में जीत की कांग्रेस की रणनीति




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। शुक्रवार को राजीन भवन में हुई बैठक में बूथों पर फोकस करके जीत की रणनीति बनाई गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी जरिता लेफतलांग, एआईसीसी के सह-सचिव एवं सह-प्रभारी विजय जांगिड़ की उपस्थिति में दक्षिण विधानसभा के चुनाव के संबंध में दो महत्वपूर्ण बैठक ली। पहली बैठक बूथ कमेटियों के प्रभारियों की तथा दूसरी बैठक दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं की हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, दक्षिण विधानसभा में बदलाव की हवा चल रही है। यह चुनाव कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के लिए अवसर है। हम सबको मिलकर इस बार दक्षिण विधानसभा के कांग्रेस को विजयी बनाना है। 20 अक्टूबर को दक्षिण विधानसभा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन है। हमे एक-एक बूथ में पूरी ताकत से भिड़ना है। भाजपा सरकार की 11 माह की नाकामी इस चुनाव में हमारा सबसे बड़ा मुद्दा है। हमें पूरी एक जुटता से चुनाव लड़ना है और जीतना है। बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री गुरू रूद्र कुमार, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, महापौर एजाज ढेबर, पारस चोपड़ा, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

## दक्षिण विधानसभा में निर्वाचक नामावली कार्यक्रम 14 नवंबर तक स्थगित

**रायपुर।** राजधानी के रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 19 वार्डों में मतदाता सूची में नाम पंजीयन, विलोपन, स्थानातंरण एवं प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के आवश्यक संशोधन करने संबंधी निर्वाचक नामावली कार्यक्रम को जिला प्रशासन ने 14 नवंबर तक स्थगित कर दिया है। रायपुर दक्षिण विधानसभा-51 में 13 नवंबर को उपचुनाव के लिए मतदान होना है। इसकी प्रक्रिया शुक्रवार को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हो गई है। उपचुनाव के दौरान मतदाताओं में किसी प्रकार के भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।इसे देखते हुए प्रशासन ने आयोग की सहमति से विधानसभा 51 अंतर्गत आने वाले वार्डों में निर्वाचक नामावली कार्यक्रम को 14 नवंबर तक स्थगित कर दिया है। इस विधानसभा क्षेत्र में 19 वार्ड आते हैं, जिनमें वार्ड संख्या 42 से लेकर 47 तक तथा 56 से लेकर 68 नंबर तक वार्ड शामिल है। इसके बाद इस विधानसभा क्षेत्र में पुनः निर्वाचक नामावली का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। नामावली का 18 से 22 नवंबर तक पुनः दावा आपत्ति मंगाकर कर निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 6 दिसंबर को होना है।

# भूपेश बोले- प्रदेश में कानून व्यवस्था लगातार हो रही खराब, सभी जिलों में अपराध तेजी से बढ़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन और खराब होती जा रही है। कल ही राजधानी रायपुर में 20 लाख की लूट हो गई। आज 10 करोड़ का सोना पकड़ा गया। भानुप्रतापपुर में तो एक बेरोजगार भाजयुमो नेता के पास उसकी कार में करोड़ों रुपए दिखाई दे रहे हैं। वह कहता है रिश्तेदार का पैसा है, कहीं वो रिश्तेदार किसी मंत्री के यहां पदस्थ तो नहीं है। लगातार सभी जिलों में अपराध तेजी से बढ़ रहा है। हत्या, बलात्कार, लूटपाट, चोरी रोजाना हो रही है। मुख्यमंत्री आज समीक्षा बैठक ले रहे हैं। गृहमंत्री भी इस बैठक में शामिल हुए। श्री बघेल ने कहा, गृहमंत्री अपराध रोकने में



असफल रहे। प्रदेश में सरकार में कोई विकास कार्य नहीं कर रही है। 10 महीने हो गए, जो काम चल रहे थे वो भी रुक गए हैं। सरकार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है, सरकार हजारों करोड़ का कर्जा ले चुकी है। श्री बघेल ने कहा कि अभी धान खरीदी सामने है, जब भाजपा विपक्ष में थी तो 1 नवंबर से धान खरीदी करने के लिए बोला करती थी। अब जब भाजपा खुद सरकार में आ गई है, तो धान खरीदी लेट से क्यों कर रही है। पिछले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार ने जो काम किया, उसके कारण किसानों की स्थिति में अच्छा परिवर्तन आया और आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। खेत बनाने से लेकर सिंचाई और आधुनिक खेती का काम हुआ। पूर्ववर्ती कांग्रेस के कारण किसानों के जीवन में समृद्धि आई है। यह सरकार 14 नवंबर को धान खरीदी करेगी और 31 जनवरी तक धान खरीदी करेगी। इससे सरकार के नीयत में शक हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि सरकार धान खरीदना चाह रही है कि नहीं। इन खरीदी के दौरान लगभग 35 दिनों का सरकारी अवकाश रहेगा। इससे धान खरीदने में परेशानी आएगी। धान खरीदने के लिए सरकार को कम समय मिलेगा।

**सरकार चलाने में नाकाम**

श्री बघेल ने कहा, साय सरकार, सरकार चलाने में असमर्थ है। चाहे राजधानी हो, न्याय धानी हो, संस्कारधानी हो, अपराध कंट्रोल नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक ली और घटनाओं में लगाम लगाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। सरकार खुद मान रही है कि वह अपराध को नियंत्रण नहीं कर पा रही है। गलती को सुधार नहीं पा रही हैं। मंत्रियों का फोन बड़े पुलिस अफसरों के पास आ जाता है तो पुलिस वाले भी क्या करेंगे। अभी की स्थिति यही है। विधायक ईश्वर साहू के बेटे के खिलाफ एफआईआर कराने में बहुत समय लग गया। वहां तो फोन चले गया तो फिर एफआईआर कहां होगी।

## युवा संगम में शामिल होने पंजीयन की अंतिम तिथि 21 तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शिक्षा मंत्रालय के एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत लांच किए गए देश के सबसे प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 'युवा संगम' में पंजीकरण कराने के लिए सिर्फ 4 दिन ही बचे हैं। 21 अक्टूबर तक ही पंजीकरण स्वीकार किए जाएंगे। इसमें 18 से 30 वर्ष तक आयुवर्ग के युवा पेशेवर और विद्यार्थी, जिनमें ऑफ-कैम्पस विद्यार्थी भी शामिल हैं, जो ऑनलाइन/दूरस्थ पाठ्यक्रमों में, कौशल संस्थानों में दाखिला लेते हैं, पंजीकरण हेतु आमंत्रित हैं। देशभर के हजारों युवाओं को अपने राज्य/ केन्द्रीय शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया जा रहा है। यह युवा संगम का पांचवा चरण है। ऑफ-कैम्पस विद्यार्थियों भी पंजीकरण करा सकते हैं, जिन्होंने ऑनलाइन कोर्स, कौशल संस्थान आदि में दाखिला लिया है। विद्यार्थियों एवं युवा पेशेवरों के लिए यह बहुत उत्साहजनक अवसर है।

# राजीव वोरा ने कहा- पार्टी ने प्रत्याशी बनाया तो मजबूती से लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर कांग्रेस के दावेदारों में शामिल राजीव वोरा ने अब एक तरफ जहां अपनी दावेदारी से इनकार किया है, वहीं उनका कहना है, अगर पार्टी उनको प्रत्याशी बनाती है, तो मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। उनका कहना है, कांग्रेस में किसी भी तरह की दावेदारी की जरूरत नहीं पड़ती है, तो फिर दावेदारी काहे की। पार्टी खुद से ही योग्य प्रत्याशी को टिकट देने का काम करती है।

- कांग्रेस में दावेदारी की जरूरत ही नहीं, योग्य प्रत्याशी को ही टिकट देगी पार्टी

रायपुर दक्षिण से अब तक भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल ही जीतते रहे हैं। अब उनके सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हुई है। इस पर 13 नवंबर को उपचुनाव होना है। इस बार कांग्रेस में टिकट के लिए थोक में दावेदार हैं। कांग्रेस नेता और इस सीट से मजबूत दावेदार माने जा रहे राजीव वोरा ने अपनी तरफ से जरूर दावेदारी से इनकार किया है लेकिन साथ ही वे कहते हैं कि पार्टी अगर चाहेगी तो वे चुनाव जरूर लड़ेंगे। श्री वोरा ने कहा कांग्रेस पार्टी में टिकट वितरण के लिए पारदर्शी और लोकतांत्रिक सिस्टम है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और पीसीसी चीफ दीपक बैज के रहते किसी को दावेदारी की जरूरत नहीं है। पार्टी जीत की क्षमता वाले योग्य प्रत्याशी को टिकट देगी। रायपुर दक्षिण में कांग्रेस की संभावनाओं को लेकर राजीव वोरा



ने कहा, पार्टी ने काफी पहले से अपनी तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा के सभी 254 बूथों तक कार्यकर्ता पहुंच चुके हैं। सभी वार्डों के लिए प्रभारियों की तैनाती कर दी गई है। पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। खुद के चुनाव लड़ने को लेकर राजीव वोरा ने कहा, पार्टी अगर अवसर देगी तो पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। प्रदेश की जनता सरकार के कामकाज से परेशान है। इसका असर चुनाव परिणामों पर दिखेगा, इस बार कांग्रेस की जीत होगी।

## कोलंबिया के खुमेश वर्मा का चयन अजंता फार्मा में

**रायपुर।** कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के 2023-24 बैच के छात्र खुमेश वर्मा का चयन प्रख्यात कंपनी अजंता फार्मा के औरंगाबाद संयंत्र में प्रोडक्शन ऑफिसर के पद पर हुआ है। खुमेश वर्मा ने हमेशा से अकादमिक और अन्य गतिविधियों में सक्रियता दिखाई है। इस सफलता की जानकारी संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अतनु भट्टाचार्या ने दी।




### पेज 11 के शेष...

**नवीन पंजीयन तथा...**

आयुक्त आदिवासी विकास को तीन दिवस के भीतर वन अधिकार पट्टा एवं राजस्व मामले के पट्टे का निराकरण करने के निर्देश दिए। अनुविभागीय अधिकारियों को फसल बीमा प्रयोग एवं प्रत्येक ग्राम के औसत उत्पादकता के आधार पर जिले के औषत धान उत्पादन की जानकारी तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही ग्रामवार पड़त भूमि का सत्यापन कराने, धान के अतिरिक्त लगाये गये अन्य फसल की जानकारी का प्रमाण पत्र पटवारियों से 25 अक्टूबर तक लेने को कहा। जिले में गिरदावरी रिपोर्ट का अंतिम प्रकाशन 20 अक्टूबर तक होना है। इसके आधार पर आगामी धान खरीदी की तैयारियां करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि समिति स्तर पर कृषकों का रकबा परिवर्तन की प्रवृष्टि नहीं किया जाएगा बल्कि तहसील द्वारा करने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे कृषकों की जानकारी उलब्ध कराने को कहा जो किसान विगत वर्षो में समर्थन मूल्य में धान बिक्री में समिति में आये है और चालू सीजन में धान विक्रय के लिए आते है तो इसकी सूचना तत्काल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार को देने को कहा। बैठक में कृषकों के पंजीकृत रकबा का एप्प के माध्यम से पटवारियों एवं कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा रेण्डम करने को कहा। सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड शीघ्र पूर्ण करा सकते हैं एवं वारिसान पंजीयन हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम गरियाबंद राकेश गोलछा, एसडीएम मैनपुर पंकज डाहिरे एसडीएम देवभोग तुलसी राम मरकाम, एसडीएम राजिम एवं छुरा श्री विशाल महाराणा, खाद्य अधिकारी सुधीर चंद्र गुरू, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी प्रहलाद पुरी गोस्वामी, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं डॉ उषा ध्रुव, मंडी सचिव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**गैरहाजिर पाए गए...**

राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहण कर सकें। इस मौके पर शाला के शिक्षक एवं पालक गण उपस्थित थे।

**डॉक्टर से अभद्र...**

लहरे से इस प्रकार से वातावरण निर्मित होने पर स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों में जबरदस्त नाराजगी देखी गई। जिसके चलते उक्त हरकत करने वाले युवक की गिरफ्तारी को लेकर अस्पताल परिसर मे धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें ब्लाक मेडिकल अधिकारी व्हीके हिरौंदिया भी शामिल हुए। मामले की शुरूवात कैसे हुई? बात गाली गलौज तक कैसे पहुंची? इन सभी मामलों की पुलिस जांच कर रही है।

**वार्ड पार्षद कांता...**

जा चुके हैं फिर भी उनका नाम मतदाता सूची में है। इससे मतदाता सूची बनाने वाले कर्मचारियों के निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होता है। बैठक में संतोष जनक जवाब नहीं मिलने से अधिकांश जनप्रतिनिधि असंतुष्ट नजर आए तथा इस मामले की रायपुर क लेक्टर से शिकायत करने की बात कही है।

**एसआरयू में एमबीबीएस के पहले बैच का फाउंडेशन कोर्स शुरू**

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च कॉलेज में एमबीबीएस के पहले बैच का फाउंडेशन कोर्स शुरू हो गया है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पाटसिवनी स्कूल में त्रैमासिक परीक्षा परीणाम घोषित 10वीं में जागृती प्रथम



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकिय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसिवनी में दसवीं -बारहवी के त्रैमासिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कक्षा दसवीं में कुमारी जागृती ने प्रथम एवं कुमारी साधना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बारहवीं में गोयल पटेल प्रथम स्थान एवं पूजा पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इन सभी बच्चों को उपहार देकर पालकों एवं शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। साथ में 24वीं राज्य स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगित में रामप्रसाद साहू व्यायाम शिक्षक के मार्गदर्शन में सोहन कुमार नागेश ने रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया था। जिसे पालकों एवं शिक्षकों द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित क किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, सदस्य नेतराम साहू, कामता दीवान सभी पालक एवं संस्था प्रमुख डीके टण्डन, एचआर गायकवाड, डीके डहरिया, आरपी माण्डले, एलजी भारती, डीएस गायगवाड, सीके वर्मा, बीएस सतपथी, टीआर रावत, सी.श्रेय, वीना प्रधान मैम, एचपी वर्मा मैम, नरेद्र, मानसिंग, लक्ष्मण आदि उपस्थित थे।

### लोकार्पण : ग्रामवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर उत्साह

# जनपद उपाध्यक्ष ने टिन शेड का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत भेंडरी के आश्रित ग्राम पंडरीतराई में साढ़े तीन लाख रूपये की लागत से ग्राम के हनुमान मंदिर के समीप निर्मित टीना शेड का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को समर्पित किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष योगेश साहू शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य दीपक साहू, विशिष्ट अतिथि सरपंच मोहन साहू, धनंजय साहू, खेमू साहू आदि उपस्थित हुए। पंडरीतराई के ग्रामवासियों द्वारा यह बहुप्रतीक्षित मांग थी। हनुमान मंदिर के सामने टीना शेड निर्माण की स्वीकृति की मांग निरंतर ग्रामवासियों के द्वारा की जा रही थी, जिसे जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू के प्रयासों से स्वीकृति मिली तथा उसका ग्रामवासियों की उपस्थिति में फीता काटकर लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि योगेश साहू ने कहा कि ग्रामवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। यह हम सबके सामूहिक प्रयासों के कारण ही संभव हो पाया है, जब तक जनप्रतिनिधि को अपने सहयोगियों व ग्रामवासियों का सहयोग नहीं मिलेगा तब तक कोई भी विकास कार्य धरातल पर संभव नहीं हो सकता। जनता का दिया आशीर्वाद ही मेरी धरोहर है, एक जनप्रतिनिधि के नाते सेवा का अवसर मुझे मिला है, यह मेरा सौभाग्य है।जनपद सदस्य दीपक साहू ने कहा कि जनता की मांग के अनुरूप विकास कार्य की स्वीकृति मिली है। यह गांव विकास को नए आयाम तक पहुंचे ऐसी हमारी आशा है। इस दौरान प्रमुख रूप पंच धनंजय साहू, खेमू साहू, मनीष साहू, बंशी साहू, पोखन साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# विधायक साहू ने जगन्नाथ स्वामी से क्षेत्र की खुशहाली के लिए मंगल कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में राजिम क्षेत्र के खास समर्थक एवं भाजपा कार्यकर्ता इन दिनों चार दिवसीय धार्मिक प्रवास पर उड़ीसा स्टेट गए हुए है। जानकारी के मुताबिक 170 की संख्या में गए समर्थकों ने विधायक श्री साहू की मौजूदगी में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की पूजा-अर्चना कर आरती में शामिल होकर भगवान श्री राजीव लोचन के जयकारे लगाए और समूचे राजिम क्षेत्र तथा छत्तीसगढ़ के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना किया। बताया कि सबसे पहले समुद्र में लहरो का आनंद लिया और एक साथ मंदिर पहुंचकर पूजा में शामिल हुए। कहना न होगा जब जगन्नाथ स्वामी के मंदिर परिसर में श्री राजीव लोचन के जयकारे लगे तो वहां मौजूद हजारो लोगों का ध्यान बरबस ही खींचा चला आया कि छत्तीसगढ़ के राजिम से ये श्रद्धालु पहुंचे हुए है।

विधायक श्री साहू को उड़ीसा में खास तव्वज्जो मिला है। वहीं उनके समर्थको एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह और वातावरण है। राजिम के लोकनाथ साहू,पन्ना



साहू,जेंजरा गांव के महेश साहू,लफंदी के नेहरू साहू, फिंगेश्वर के राजू साहू, किशोर साहू, ओमप्रकाश साहू ने बताया कि उनकी यह धार्मिक यात्रा बहुत ही सफल रहा है। इन सभी कार्यकर्ताओं ने विधायक श्री साहू को साधुवाद देते हुए हृदय से आभार जताया है। आज रविवार को सारे समर्थक और कार्यकर्ता राजिम पहुंच जाएंगे। यहां उनका स्वागत होगा।

# शिक्षा के विकास से गांव, समाज व राष्ट्र की उन्नति संभव : पूरनलाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

द्वितीय पालक शिक्षक बैठक का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के प्राचार्य के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बैठक के उद्देश्य से अवगत कराते हुए नई शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप सत्र 2024–25 में पालको के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने उन्हें बच्चों के प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आकलन कर पालको के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से उन्मुखी प्रयास करते हुए बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सवांर्गीण विकास हेतु विद्यालय एवं बालकों के मध्य बेहतर संबंध में स्थापित करना है। शिक्षक एवं बालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्माण, अपार आईडी संबंधित पालक की सहमति पत्र, छात्रों का आधार कार्ड, त्रैमासिक परीक्षा की जानकारी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ड्रॉप आउट रोकने के लिए बालकों की भूमिका सुनिश्चित करते हुए सभी विद्यार्थियों का आय,जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने जिससे कि बच्चों को भविष्य में किसी प्रकार की तकलीफ ना हो। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं व छात्रवृत्ति सम्बन्धित विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पढ़ाई के बारे में जानकारी प्रदान किया। उन्होंने आगे पालकों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी पालक अपने बच्चों को नियमित रूप से अभ्यास के लिए प्रेरित करें।स्कूल के अलावा आप अपने घरों में बच्चों के होमवर्क पर ध्यान देवें तो निश्चित ही विद्यार्थी की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार आएगी शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है, क्यूंकि शिक्षा के विकास से गाँव,समाज एवं राष्ट्र की उन्नति संभव है। इस अवसर पर प्राचार्य पूरनलाल साहू संकुल समन्वयक भुवन यदु, दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे, प्रधान पाठक नंदकुमार यादव, टिकेंद्र यदु, कृपाराम बघेल, वीरेंद्र यदु, नकुल राम साहू दयाराम साहू, चुनुराम निषाद, गैंदूराम ध्रुव, जनक राम साहू, हेमंत कुमार निषाद, प्रदीप कुमार सेन, डोमन लाल साहू, हेमलाल साहू, हरिश्चंद्र ढीढी सहित पालकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# तिमाही परीक्षा परिणाम की पालकों को दी जानकारी

**फिंगेश्वर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला सरकड़ा में द्वितीय पालक शिक्षक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक सेन की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालक गण शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाला के प्रभारी प्रधान पाठक शत्रुघ्न लाल साहू ने पालकों को स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी वहीं पर तिमाही परीक्षा परिणाम की प्रत्येक पालक को जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रत्येक पालक को उनके बच्चों की उपलब्धियों को व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया गया एवं उनके प्रगति के संबंध में आवश्यक





विचार विमर्श किया गया। बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सवांर्गीण विकास के लिए विद्यालय एवं पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए सभी पालकों को प्रेरित किया गया। बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों से पालकों को अवगत कराया गया जिससे कि बच्चों को सतत प्रेरणा एवं उचित मार्गदर्शन मिल सके। शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला के पूर्व प्रधान पाठक केशव राम साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर शाला के शिक्षक लता सोनी, संतोष कुमार साहू, केसरी कुमारी, गिरिजा मारकम, जयप्रकाश सिंन्हा, फगन मतवाले, अध्यक्ष कुमार सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण पालक गण, सफाई कर्मचारी, रसोईया बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भाजपा नेता के बयान पर कांग्रेस का पलटवार

**नवापारा-राजिम।** भाजपा नेता परदेशी राम साहू के बयान को लेकर बिफरे कांग्रेस नेताओं ने पलटवार किया है। नगर पालिका गोबरा नवापारा के उपाध्यक्ष चतुर जगत, सभापति संध्या राव, अजय कोचर, अजय साहू, हेमंत साहनी, मंगराज सोनकर, अनूप खरे, लोकिन साहू, रूमेश्वरी देवांगन, जुगा बाई ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी के द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत राज्य सरकार से नगर विकास के लिए मिले तीन करोड़ की जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जो एक सामान्य प्रक्रिया है। हर जनप्रतिनिधि अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न मदों से मिलने वाले नगर विकास की राशि को समाचार पत्रों के माध्यम से जनता तक पहुंचने का काम करता है। वहीं काम नगर पालिका अध्यक्ष ने भी किया। जो एक भाजपा नेता को रास नहीं आया। कांग्रेस के समय में नगर पालिका परिषद को 5 करोड़ रुपए एवं नगर पंचायत को 3 करोड़ रुपए की राशि इस मद में दी जाती थी। लेकिन नगर पालिका गोबरा नवापारा को कम राशि दी गई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भाजपा नेता को नगर की जनता को यह भी बताना चाहिए कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद जो पूर्व सरकार के स्वीकृत काम थे नगर के दो मुक्तिधाम 60 लाख रुपए, निषाद समाज का भवन 15 लाख रुपए, साहनी समाज का भवन 10 लाख रुपए, सहित और भी अनेक काम जो चुनाव के चलते या विभिन्न कारणों से प्रारंभ नहीं हुए थे उन्हें क्यों निरस्त किया गया। अभी नगर की सबसे बड़ी समस्या विद्युत अवरोध है उस पर भाजपा नेता नगर की जनता को बताएं कि क्यों वर्तमान सरकार इस समस्या से नगर वासियों को निजात नहीं दिला पा रही है।

# सोना दाई जात्रा कार्यक्रम में पहुंचे असंख्य श्रद्धालु



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़-उड़ीसा बॉर्डर में 48 ग्राम की प्रमुख देवी माता सोना दाई का जात्रा पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़, ओड़िसा प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण पहुंचे। ओढ़ आमामौरा दुर्गम पहाड़ी रास्ता होते हुए यहां पहुंचा जाता है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 45 किलोमीटर दूर सोना दाई के जात्रा कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस नेता तनवीर राजपूत ने बताया हर वर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर जात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है।



छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ कोसा एवं कॉटन हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय 2024
स्थान - सांस्कृतिक मंगल भवन, नगर पंचायत बस स्टैण्ड के पास राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
अंतिम दो दिन
राजिम मंगल भवन, मेन रोड
20 एवं 21 अक्टूबर 2024
समय : सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक
20% विशेष छूट
विशेष आकर्षण
छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध कोसा साड़ियाँ, कोसा ड्रेस मटेरियल, सलवार सूट, शर्टिंग-सूटिंग, कॉटन साड़ियाँ, चादर, बेडशीट, एक्सपोर्ट क्वालिटी के मनमोहक डिजाईन की अदभूत कलाकृतियों के वस्त्र उपलब्ध है।
आप सादर आमंत्रित है
प्रायोजक-छ.ग. शासन ग्रामोद्योग विभाग (हाथकरघा प्रभाग) नवा रायपुर (छ.ग.)
आयोजक - जिला हाथकरघा कार्यालय गरियाबंद (छ.ग.)


# जल भराव से शिवाजी चौक होगा मुक्त : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू की अनुशंसा एवं प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता से राजिम नगर के विकास की रफ्तार और तेज हुई है। एक ओर आधारभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी हो रही है तो दूसरी ओर विकास की उम्मीदों को पंख लगे हैं। फिंगेश्वर मार्ग पर शिवाजी चौक में जलभराव की वर्षो पुरानी समस्या अब खत्म होगी। वहीं मांगलिक भवनों के निर्माण से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को अपने अनेक आयोजनों शादी-ब्याह व सुख-दुख के कार्यों में सुविधाएं मिल सकेंगी। इसी प्रकार त्रिवेणी संगम घाट पर पिंडदान करने प्रदेश के कोने-कोने से आने वाले लोगों को सर्वसुविधायुक्त संस्कार भवन की भी सौगात मिलेगी। छग के प्रयागराज कही जाने वाली धर्मनगरी राजिम अपने वैभव और गरिमा के अनुरूप विकास की राह पर अग्रसर होगी। यह सब राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू की सक्रियता और विकासपरक सोच के चलते फलीभूत होने जा रही है जिनके अथक प्रयासों एवं अनुशंसा से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल तीन करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। सच्चे अर्थों में कहें तो शहरी विकास के लिए आधारभूत संसाधन व सुविधाओं का होना उतना ही जरुरी है, जितना जीवन के लिए आक्सीजन। इन विकास कार्यों की सौगात मिलने से राजिम नगर में सर्वत्र खुशहाली आने वाली है और इनका लाभ नगर के लोगों को बेहतर सुविधा के रूप में मिलेगी। इन विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा जितेंद्र सोनकर ने





■ राजिम के विकास की रफ्तार और तेज हुई

विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त किया एवं विधायक रोहित साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर उन्हें राजिम की जनता की ओर से धन्यवाद दिया है। नगर की वर्षों पुरानी समस्याओं से निजात मिलने वाली इन विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राजिम की गरिमा पूरे विश्वपटल पर विख्यात है और इसकी गरिमा तथा जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को धरातल पर क्रियान्वित करना हमारी प्रथम और परम-उत्तरदायित्व है। जिन उम्मीदों के साथ जनता ने राजिम विधानसभा क्षेत्र में मुझे एवं प्रदेश में भाजपा को आशीर्वाद दिया है यह विकास कार्य उन उम्मीदों और आशीर्वाद के प्रति ऋणीभाव के साथ जनता की सेवा का ही रूप है। राजिम नगर के गौरव, गरिमा, दिव्यता और भव्यता के लिए हम कृत संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं और राजिम नगर जब तक प्रयागराज की गरिमा के अनुरूप साकार रूप में विकसित नहीं हो जाती तब तक यह प्रयास जारी रहेगा।

### इन विकास कार्यों से बदलेगी राजिम की सूरत

जिन विकास कार्यों की स्वीकृति उनमें प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 1 में संत पवन दीवान आश्रम के पास सर्वसुविधायुक्त संस्कार भवन के लिए 41 लाख 07 हजार रुपए, शिवाजी चौक से हनुमान मंदिर तक नाला निर्माण 39 लाख 36 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक 06 में सर्वसमाज मांगलिक भवन जीर्णोद्धार एवं नवीनकरण कार्य 34 लाख 82 हजार रुपए,फिंगेश्वर मुख्य मार्ग (तहसील कार्यालय) से विधायक निवास से पोस्ट ऑफिस तक सीसी रोड निर्माण कार्य 20 लाख रुपए,वार्ड क्रमांक 6 में सर्वसमाज मांगलिक भवन के अंदर टीना शेड निर्माण 23 लाख 31 हजार रुपए, फिंगेश्वर मुख्य मार्ग (तहसील कार्यालय) से विधायक निवास होते रजिस्ट्रार ऑफिस तक स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्य 15 लाख 09 हजार रुपए,हनुमान मंदिर से पितईबंद नाला तक नाला निर्माण कार्य 38 लाख 35 हजार रुपए,तहसील ऑफिस के पास सर्वसुविधायुक्त शौचालय निर्माण 20 लाख रुपए,फिंगेश्वर मुख्य मार्ग (तहसील ऑफिस) से विधायक निवास होते हुए रजिस्ट्रार ऑफिस तक पेवर ब्लॉक लेविंग कार्य 12 लाख 70 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक 12 दमौवा पारा में टीना शेड निर्माण 12 लाख 23 हजार रुपए,वार्ड क्रमांक 12 दमौवा पारा में दुर्गा रंगमंच के पास टीना शेड निर्माण 06 लाख 49 हजार रुपए,सर्वसमाज मांगलिक भवन पेवर ब्लॉक लेविंग कार्य 14 लाख 80 हजार रुपए,वार्ड क्रमांक 2 में गरीबनाथ मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 11 लाख 80 हजार रुपए,वार्ड क्रमांक 04 में शीतला तालाब के पास टीना शेड निर्माण कार्य 05 लाख रुपए तथा वार्ड क्रमांक 5 कचना धुरवा मंदिर के पास आरसीसी स्लैब निर्माण कार्य 03 लाख 82 हजार रुपए की स्वीकृति शामिल हैं जो अधोसंरचना मद अंतर्गत की गई है।

## खबर संक्षेप

### हुलसा बने कोटवार संघ के अध्यक्ष



**सुरसाबांधा।** कोटवार एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ तहसील शाखा राजिम व फिंगेश्वर का संयुक्त रूप से 18 अक्टूबर को तहसील परिसर राजिम में मासिक बैठक व पदाधिकारीयों का चुनाव समपन्न हुआ। विदित हो कि 15 सितम्बर को जिलाध्यक्ष धनेश जगत, जिला उपाध्यक्ष अनिल टांडिया व छुरा तहसील अध्यक्ष मनीराम जगत व गरियाबंद तहसील अध्यक्ष तुलाराम सोरी की उपस्थिति में अध्यक्ष पद का चुनाव एवं संरक्षक के पद पर संतोष पुरी गोस्वामी अधिवक्ता एवं नोटरी व एवन लाल साहू अधिवक्ता को मनोनित करने के बाद शेष पदाधिकारीयों का चयन प्रक्रिया बाकी रह गया था। जिसे 18 अक्टूबर को राजिम तहसील परिसर में जिला उपाध्यक्ष अनिल टांडिया के मार्गदर्शन में समपन्न कराया गया। ग्राम कसेरूडीह के कोटवार हुलास राम साहू दूसरी बार अध्यक्ष चुने गये है। वहीं उपाध्यक्ष भगवान सिंह साहनी, सचिव कोमलदास मानिकपुरी, सह सचिव अमित नगारची, कोषाध्यक्ष अश्वनी खुंटे, सलाहकारके पद में विक्रम खुंटे, उत्तम बांधे, गोकुल नगारची व संगठन मंत्री के पद राजेन्द्र कुमार नगारची, सुनील नगारची, संतोष गंधर्व तथा महिला उपाध्यक्ष उर्वशी मानिकपुरी के अलावा महिला प्रकोष्ठ से लक्ष्मी देवदास, नैनूबाई, मीनाबाई व पुरूष वर्ग से रोहित कुमार मरकाम, रमेश कुमार टण्डन, भारत लाल मिरी, प्रहलाद नगारची, ईश्वर देवदास का चयन सर्व सम्मति से किया गया। मिडिया प्रभारी के रूप में अनिल टांडिया व अन्नू राम साहू को मनोनित किया गाया है। तत्पश्चात सभी को पद व गोपनियता की शपथ दिलाया गया। तथा कोटवार संघ हेतु भवन मांग के सबंध में भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर सभी कोटवार साथी उपस्थित रहे।

### आरसीसी परेड के लिए नोमेश का चयन



**नवापारा-राजिम।** नेता जी सुभाष महाविद्यालय बेलभांठा अभनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी टोमन साहू के मार्गदर्शन में चतुर्थ वर्ग के छात्र नोमेश कुमार का चयन गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए हुआ है। नोमेश को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. व्ही के मिश्रा, डॉ. आशीष दीवान, डॉ. विनय यादव ने शुभकामना दी है।

### अग्निवीर सैन्य प्रशिक्षण संस्थान में आत्महत्या रोकथाम पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अग्निवीर सैन्य प्रशिक्षण संस्थान में आत्महत्या रोकथाम पर कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। यह कार्यशाला डॉ पी कुंदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम एवं डॉ सीपी चंद्राकर मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण गया। आत्महत्या के वार्निंग साइन को कैसे पहचाने इससे रूबरू कराया गया। अग्निवीर प्रशिक्षण के दौरान जीवन में आने वाले तनाव व उनके उपचार, दैनिक दिनचर्या में बदलाव, रुकावटें को भी चर्चा की गई। मानसिक तनाव को कम करने के विधि बताया गया, गेम के माध्यम से तनाव को कम करने उपाय बताया गय। लगभग 35 अग्निवर प्रशिक्षण कर्ता उपस्थिति हुए। भूतपूर्व सैन्य संगठन के युवराज चंद्राकर, प्रदीप, विकास ढीढी, रिंकू विद्या, मोनिका, हीना, भावना, सागर, चंद्रशेखर, खेमन, रामेश्वर, हिमांशु, सत्तू, योगिता जमुना ने प्रशिक्षण लिया।

## निधन

### मेहतरीन निषाद



**नवापारा-राजिम।** वार्ड क्रमांक 14 लटर्रापारा निवासी मेहतरीन निषाद उम्र 90 वर्ष का निधन हो गया। वे महेश ,उत्तम, चंद्रिका, नकुल की माता तथा पत्रकार नागेन्द्र निषाद की दादी मां थी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में मुहल्लेवासी तथा समाज के लोग शामिल हुए।

---

**बैठक : शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला रजनकटा में पालक-शिक्षक बैठक हुई**

# बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बेहतर समन्वय स्थापित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



जिला शिक्षाधिकारी एके सारस्वत के निर्देश पर एवं संकुल प्राचार्य बी देवांगन व संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के मार्गदर्शन में रजनकटा के साथ-साथ अतरमरा संकुल के समस्त प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में द्वितीय पालन शिक्षक बैठक का आयोजन अत्यंत ही उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला रजनकटा में पालक, शिक्षक एवं प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। प्रधानपाठकों के द्वारा बिन्दु वार चर्चा किया गया। प्रथम बिंदु शिक्षा गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा किया गया जिसमें पढ़ाई लिखाई, अनुशासन, गृह कार्य, खेलकूद के साथ-साथ नैतिक मूल्य शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। त्रैमासिक परीक्षा की जानकारी दिया गया। इसके साथ-साथ विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियों अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, राष्ट्रीय साधन सा प्रवीण सूची परीक्षा की जानकारी दिया गया। जवाहर नवोदय विद्यालंय चयन परीक्षा, अपार आईडी के संबंध विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक मानिक साहू ने कहा कि बच्चों के शारीरीक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय व पालकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया जाना चाहिए। शिक्षक एवं पालक के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढाई के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाया जा सकता है। बच्चों की सम्पूर्ण गतिविधियों से पालकों को अवगत कराना जिससे बच्चों को सतत प्रेरणा एवं उचित मार्गदर्शन मिल सके। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने पढ़ाई-लिखाई अनुशासन एवं अन्य गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। विद्यालय में बागवानी एवं गार्डन को देखकर सभी ने शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों को भी धन्यवाद दिए। बैठक में सियाराम निर्मलकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक शाला, खेमलता साहू उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला, प्रधानपाठक आरसी ध्रुव, धनेश्वरी मुरचुलिया, शिक्षक चेतन ध्रुव, मानिक साहू, शैल नामदेव, गंगेश्वरी सिन्हा, चम्पा साहू, गोदावरी साहू, ताम्रजध्वज साहू, शिक्षा विद भीखम निषाद, डोमेन्द्र यादव, योगेश साहू, हेमंत साहू, शानू साहू, ऊर्वशी निर्मलकर उपाध्यक्ष, गौरीबाई निषाद, केशर कंडरा, दीपा ध्रुव, गायत्री यादव, केजा बाई यादव, लता साहू, उषा साहू भारती पटेल, लक्ष्मी कंडरा उपस्थित रहे।





### शासकीय प्राथमिक शाला धूमा में हुआ पालक व शिक्षकों की बैठक

**राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला धूमा में पालकों और शिक्षकों की बैठक में प्रमुख रूप से त्रैमासिक परीक्षा परिणाम पर बच्चों की उपलब्धि एवं कमियों पर चर्चा किया साथ ही बच्चों की पढ़ाई का स्तर और किस तरीके से ऊपर उठाया जा सकता है? इस पर योजना बनाई गई तथा किसे क्रियान्वयन के लिए पालकों और शिक्षकों के द्वारा उपाय पूछा गया। इस अवसर पर नींबू का एक पौधा लगाया गया। बैठक में प्रमुख रूप से शाला विकास समिति के अध्यक्ष होरीलाल वर्मा, उपाध्यक्ष रोहिणी वर्मा के अलावा शाला विकास समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

# त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम घोषित विद्यार्थियों में उत्साह




हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद के तहत द्वितीय पालक-विद्यार्थी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में आयोजित त्रैमासिक आकलन परीक्षाओं के परिणाम घोषित करना था। परिणाम जानने के लिए बड़ी संख्या में पालक और विद्यार्थी उपस्थित हुए। बैठक में प्राथमिक विभाग से 201, माध्यमिक से 62 और हायर सेकेंडरी से 89 पालक-विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। सभी छात्र-छात्राएओं के परिणाम जानकर काफी उत्साहित नजर आए। बैठक के दौरान शिक्षकों द्वारा बच्चों को भविष्य की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। पालकों को भी अपने बच्चों की प्रगति पर विशेष ध्यान देने का मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख दीपक कुमार बौद्ध, प्रधान पाठिका श्रीमती नरगिस कुरैशी, प्राथमिक विभाग की प्रधान पाठिका अर्चना पचबिए और अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे। उपस्थित शिक्षकों में किशोर साहू, कल्पना पटेल, सुनीता परमार, कोमल शर्मा, कमलेश असरानी, डागेश्वरी साहू, कैलाश कोसरे, धर्मेंद्र कुमार मार्टल, पुरुषोत्तम लाल साहू, अंजनी सोम, राकेश कुमार साहू, भेलेश्वरी कोमर्रा, महिमा तिर्की, किरण नंद, वागेश्वरी कुंजाम, सिम्मी विल्सन, रोशनी साहू, माधवी देवी, योगेश्वरी, त्रिलोचना साहू, दुर्गेश नंदनी, पुष्पा साहू, योगिता सेन, केवरा ध्रुव, लोकेश, और हेमंत सिन्हा शामिल थे। बैठक का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी ने मिलकर संकल्प लिया।

# पालक अपने बच्चे को घर पर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



प्राथमिक व माध्यमिक शाला रसेला में शुक्रवार को शाला प्रांगण में शिक्षक, पालक प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रथम बिंदु शिक्षा गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा किया गया। दशहरा त्योहार के पहले स्कूल में टेस्ट परीक्षा संपन्न हुआ है, इसका परिणाम शिक्षक द्वारा कक्षावार बताया गया, जिसमें ए, बी, सी ग्रेड बंटा गया है। जिस बच्चे सी ग्रेड में आया है उस बच्चे सहित कक्षाओं को बैठक में शिक्षकों विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। पढ़ाई लिखाई, अनुशासन, गृह कार्य, खेलकूद के साथ -साथ नैतिक मूल्य शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है। इसके साथ विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियों अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, राष्ट्रीय साधन सा प्रवीण सूची परीक्षा आदि की जानकारी दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने पढ़ाई - लिखाई अनुशासन एवं अन्य गतिविधियों, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित पालकगण और जनप्रतिनिधि ने मध्यान्ह भोजन चख कर देखा गया। इस दौरान उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि बालक, पालक, शिक्षक ये तीनों के सामंजस्य से ही शाला का संचालन होता है, साथ ही कहा कि पालक अपने बच्चे को घर पर भी पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करें तभी हमारे बच्चे आगे बढ़ पाएगा। संतराम नेताम ने कहा अगले बैठक में सभी पालकों का उपस्थित होना चाहिए। इस मौके पर प्राथमिक के अध्यक्ष देवकी मरकाम, माध्यमिक विद्यालय के उपाध्यक्ष देवलाल साहनी, प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक हृदय राम साहू, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक बालचंद नेताम, संकुल समन्वयक त्रिलोक ध्रुव, शिक्षक देवनारायण साहू, जॉनसन सर, संदीप कुमार सिन्हा, रंजीता यदु, नंदकिशोर यादव, चम्पेश्वर निषाद, भानु कोमर्रा, धनेश्वर ठाकुर, नरेश सोरी, पंच यास्मीन सेन, सरिता कोमर्रा, सामरी बाई ठाकुर, लगनी बाई, दुरपती बाई,खिलावन यादव, बिश्सनाथ यादव सहित पालकगण व समिति के सदस्यगण और मध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

■ शिक्षक -पालक बैठक में पढ़ाई, गृह कार्य व खेलकूद के मुद्दों पर चर्चा हुई

# संवाद स्थापित कर बच्चों को बेहतर शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ाने पर अपना योगदान दें

**शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में हुई पालक -शिक्षक संघ की बैठक**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

शाला स्तरीय द्वितीय पालक शिक्षक संघ की बैठक शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्था के प्रधान पाठक राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त 14 बिंदुओं के निर्देश को समीक्षात्मक रूप से विस्तार पूर्वक बताया गया। सभी शिक्षकों को आमंत्रित कर तिमाही परीक्षा के परिणाम से पालकों को अवगत कराया गया साथ ही जून से सितंबर तक लगातार विद्यालय में उपस्थिति देने वाले 11 बच्चों को कलम एवं पुष्प भेंटकर अतिथियों के करकमलों से सम्मानित किया गया। शिक्षक रेखराम निषाद द्वारा पालक शिक्षक संघ के महत्व से पालकों को अवगत कराते हुए कैसे बेहतर संवाद स्थापित कर बच्चों को बेहतर शिक्षा और शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ाने पर अपना योगदान दिया जाय पर मार्गदर्शन के साथ विभिन्न विषयों में चर्चा की है। इस दौरान कार्यक्रम में सरपंच मोहनलाल साहू ने पालक शिक्षक संघ के बैठक कर बच्चों में शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ाने पालकों प्रेरित किया जा रहा जो छत्तीसगढ़ शासन की सराहनीय कार्य है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूषण लाल साहू,उपाध्यक्ष वेदलता गोस्वामी ने भी शिक्षा के प्रति शासन की सकारात्मक सोच ग्रामीण बच्चों के प्रतिभा को आगे बढ़ाने किए जा रहे कार्यों की प्रसंशा किया गया। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक टीकूराम ध्रुव पालकों को सम्बोधित करते हुए बताया गया कि मेरा कोना के अंतर्गत घर में ऐसा वातावरण तैयार करें, जहां बच्चों को पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। प्रत्येक पालक बच्चों की दिनचर्या सुनिश्चित करें, उन्हें समय निर्धारण के लिए प्रेरित करें। बच्चों ने स्कूल में क्या सीखा इसकी जानकारी ले। उनकी अकादमी प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा करें, अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों के सामने अपने विचार व्यक्त करें ताकि उनमें भी बेझिझक बोलने का क्षमता विकसित हो। पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करें। स्कूल शिक्षा विभाग में स्कूल स्तर में बस्तारहित शनिवार के माध्यम से सीखने योग्य गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमो, खेलकूद का आयोजन करने। बच्चों के आयु तथा कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी देने, जाति आय निवास प्रमाण पत्र बनवाने जिससे कि बच्चों को भविष्य में किसी प्रकार की तकलीफ ना हो।

### डिजिटल माध्यम से पढ़ाई के बारे में दी जानकारी

*न्योता भोज के लिए प्रेरित करने जिससे कि शुभ अवसरों में बच्चों को पौष्टिक व रुचिकर भोजन उपलब्ध हो। विभिन्न प्रतियोगिकी परीक्षाओं व छात्रवृत्ति सम्बन्धित विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पढ़ाई के बारे में जानकारी प्रदान किया। विद्यालय स्तरीय बैठक में संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिन्हा, सरपंच मोहनलाल साहू, अध्यक्ष भूषण लाल साहू, श्यामगिरी गोस्वामी, झम्मन सेन, सुखनन्दन सेन, सुरेश कुमार, जीवननाथ, तुलाराम ध्रुव, रामगुलाल साहू, फग्गू राम ध्रुव, उपाध्यक्ष वेदलता गोस्वामी, तारा साहू, मनीषा साहू, यशोदा साहू, रेखा यादव, गोदावरी ध्रुव, पुनिया ध्रुव, रेखाबाई यादव सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य 28 पालकगण एवं सभी शिक्षक उपस्थित रहे।*

# वीरगाथा प्रोजेक्ट के विभिन्न स्पर्धा के लिए पंजीयन 21 तक



**राजिम।** शासकीय रामबिशाल पाण्डे उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस राजिम में वीरगाथा प्रोजेक्ट 4.0 के अंतर्गत विभिन्न आयोजन कर छात्र-छात्राओं के पंजीयन की जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि वीरगाथा प्रोजेक्ट भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय का संयुक्त उपक्रम है जो देश भर के विद्यार्थियों में राष्ट्र भक्ति, देश प्रेम जगाने के लिए भारतीय ऐतिहासिक नायक व नायिकाओं के वीरता और संघर्ष के विषय में जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता में अपने प्राणों की आहुति देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उन्हें प्रसारित करना है। इसी तारतम्य में सेजेस राजिम में प्रोजेक्ट के तहत नवमी से दसवीं के विद्यार्थियों को रानी लक्ष्मीबाई मेरे सपनों में आई और ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं के लिए 1857 में विद्रोह को भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध के रूप में चिन्हित विषय पर निबंध, चित्रकला व मल्टीमीडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन कर उनका ऑनलाइन पंजीयन किया गया। मैम गायकवाड़ ने बताया कि शिक्षा विभाग के वीरगाथा प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शौर्य पुरस्कार प्राप्त जवानों के वीरता बहादुरी त्याग के बारे में जानकारी देने के साथ महापुरुषों की जीवनी का प्रसार कर देश के भावी नागरिकों में राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करना है। वीरगाथा प्रोजेक्ट को गैलेंट्री पोर्टल के तहत सन 2021 में प्रारंभ किया गया। यह प्रोजेक्ट भारत के सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों को वीरता पुरस्कार विजेताओं पर आधारित रचनात्मक गतिविधियां कविता, निबंध, पेंटिंग,ड्राइंग, मल्टीमीडिया प्रस्तुति आदि गतिविधियों को छात्रों द्वारा परियोजना के रूप में किया जा सकेगा। विदित हो कि जिन प्राथमिक, मिडिल, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी वीर गाथा 4.0 का पंजीयन नहीं कर पाए हैं वे विद्यालय 21 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से पंजीयन कर अपनी जानकारी पोर्टल के माध्यम से अपलोड कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रतिभागी मोनिका देवांगन, भूमिका सोनकर, नेमीचंद, कृष्णा पटेल, रूद्र पटेल, लक्ष्मी वर्मा, खुशी साहू, रूपेश देवांगन, साक्षी साहू, मनीष साहू, माही सोनी, आलोक यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



# चैतरा मानस मंडली ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम सेन्दर में 24 घंटा का अखंड रामायण का पाठ ग्रामवासियों के तत्वावधान आयोजन किया गया। जिसमें चैतरा मानस मंडली सहित विभिन्न मानस मंडली का शानदार प्रस्तुति हुआ। ग्रामवासी सेन्दर के सदस्यय हेमलाल साहू, निधान साहू, चंदू नायक ,कोमल साहू , सुरेश महराज, पदुमन धुव, तुलसी सिन्हा, शत्रुघ्न साहू, योगेश साहू, संतोष साहू, रिखिराम उदे राम उपस्थित थे।

**ग्राम कोदोंपाली में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस मनाया गया**

# महिला, कृषि व मजदूर हैं अर्थव्यवथा की रीढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद







मंगलवार को वोमेनिटी व दसरा के सहयोग से लोक आस्था सेवा संस्थान और संगवारी महिला मंच के संयुक्त तत्वधान में ग्राम कोदोंपाली में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस मनाया गया। जिसमें संगवारी महिला मंच की सभी दीदीयों ने महिला किसान जिन्दाबाद के नारे के साथ शुरुआत किया गया और बताया गया कि हम सभी महिलाये एक किसान के रूप में कार्य तो करते है लेकिन हम सभी महिलाओं को अभी तक किसान के रूप में पहचान नहीं मिला है, स्वामित्व नही मिला है। इसके बाद संस्थान से तथा मंच के महिलाओं ने अपने- अपने विचार रखे। जिसमे बताया गया कि महिला, कृषि, मजदूर भारत की अर्थव्यवथा की रीढ़ की हड्डी है फिर भी उन्हें बुनियादी अधिकारों और सुरक्षा से वंचित रखा गया। इस महिला किसान दिवस उनकी आजीविका सुरक्षित करने के लिए उचित मजदूरी स्वास्थ्य बीमा तक पहुंच और पेंशन की मांग करते है उन्हें भूमि स्वामित्व और पीएम किसान सम्मान निधि मनरेगा जैसे सरकारी योजना में शामिल होने का अधिकार भी मिलना चाहिए साथ ही महिला कृषि श्रमिकों का प्रतिनिधत्व भी होना चाहिए इसके बाद संगवारी महिला मंच के मुखिया दीदी ने बताया के वनाधिकार अधिनियम को लेकर जो हम लोग दावा किए है उसके प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए भी सभी महिला दीदी मिलकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाना होगा और एक संगठित रूप कार्य करना होगा और भुमि स्वामित्व के साथ अपनी पहचान बनाने की दिशा मे आगे बढ़ना होगा ।

